जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों

जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों,
नजरे उतार दू नजरे उतार दू,
जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों,

भोला भाला चाँद सा मुखड़ा देख दीवाना हो जाउ,
नजरे नहीं हट ती तुम पर से दिल करता देखे जाउ,
मन करता नैनो के रस्ते दिल में तुझे उतार लू,
नजरे उतार दू नजरे उतार दू,
जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों,

तेरे रूप के आगे फीके लगते सभी नजारे है,
सुंदरता में तुमसे हारे सारे चाँद सितारे है,
दिल ही नहीं भरता चाहे मैं सो सो बार निहार लू,
नजरे उतार दू नजरे उतार दू,
जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों,

कहते है अपनों की नजर ही सब से पहली लगती है,
नजर न लागे मेरी मैया शंका दिल में रहती है,
यत्न करू क्या इस शंका का बतलादे इक वार तू,
नजरे उतार दू नजरे उतार दू,
जब जब देखु दादी तुमको आता है ये ख्याल क्यों,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14016/title/jab-jab-dekhu-dadi-tumko-aata-hai-ye-khyaal-kyu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |